प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड समेत देशभर में श्रद्धा, उत्साह और शौर्य के साथ मनायी जा रही है रामनवमी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तपोवन मंदिर में की विधिवत पूजा–अर्चना।
- रामनवमी के अवसर पर राज्य के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, ढोल–नगाड़ों और अस्त्रों के साथ निकाली जा रही है रामनवमी की भव्य शोभायात्रा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
- भाजपा ने आज मनाया अपना 46वां स्थापना दिवस, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कहा–भाजपा ने सत्ता के लिए अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया।
- झारखंड को निवेश हब बनाने के उद्देश्य से स्वीडन और स्पेन दौरे पर जाएंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, एफ डी आई लाने पर रहेगा ज़ोर।
- आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना गुजरात टाइटन्स से होगा।

******************

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। मर्यादापुरूषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव पर गाजे बाजे के साथ सामूहिक शोभायात्रा निकाली जा रही है। सा साथ ही विभिन्न अखाड़ों द्वारा जगह–जगह भव्य झांकी का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इधर रामनवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने श्री राम जानकी तपोवन मंदिर, निवारणपुर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख–शांति, समृद्धि और उन्नति की कामना की।

******************

इधर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और सभी रामभक्तों से पर्व को उत्साह के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने रामनवमी को नशा मुक्त मनाने का आग्रह करते हुए धैर्य बनाए रखने की बात कही। सांसद ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और जरूरत पड़ने पर जिला प्रशासन या सांसद कार्यालय से संपर्क करें।

पाकुड़ जिले में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिसमें गाजे–बाजे के साथ विभिन्न अखाड़ों से भव्य झांकियां निकाली गई। वहीं लोहरदगा जिले में थाना चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही गिरिडीह, सरायकेला खरसावां, देवघर, बोकारो में भी रामनवमी पर भव्य आयोजन किया गया।

******************

गुमला जिले में भी रामनवमी पर्व को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने संसदीय क्षेत्र की जनता को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि राम ना केवल शौर्य के प्रतीक हैं बल्कि वे संयम के प्रतीक हैं, दया के प्रतीक है। इस पावन मौके पर उन्होंने कहा कि राम जी का अनुश्रवण करना, उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना ही सही मायने में रामनवमी मनाना है।

******************

खूंटी जिले में रामनवमी के अवसर पर गाजे–बाजे और नारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विभिन्न अखाड़ों ने तलवारबाजी और डंडे के करतबों के साथ आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के बीच पूरे जिले में श्रद्धा, उत्साह और शांति के माहौल में रामनवमी मनाई जा रही है।

******************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने पाकुड़ जिले में रामनवमी जुलूस पर रोक को राज्य सरकार की हिंदू–विरोधी मानसिकता करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार अगर शोभायात्रा को सुरक्षा नहीं दे सकती, तो यह हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों का हनन है।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भाजपा ने सत्ता के लिए अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई है।

******************

झारखंड को निवेश केंद्र बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर जायेंगे। इस दौरे में उनके साथ 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रहेगा, जिसमें मुख्य सचिव और विभागीय सचिव भी शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल मेड्रिड, बर्सिलोना और गोथेनबर्ग में उद्योगपतियों से मुलाकात करेगा। इस यात्रा का उद्देश्य एफडीआई और प्रवासी भारतीयों से निवेश आकर्षित करना है।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र के केजीएन मेडिकल स्टोर में कल रात बदमाशों ने लूटपाट की। दुकानदार ने बताया कि 50 हजार की रंगदारी का विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग की और दुकान से करीब 40 से 45 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल लेकर फरार हो गए। कपाली ओपी प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

******************

संक्षिप्त खबरें

- गुमला जिले के आंजन धाम दर्शन को जा रही एक कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, हालांकि सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जल चुकी थी।
- खूंटी–सिमडेगा मुख्य सड़क पर कारो नदी के पास कल रात एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक की विपरीत दिशा से आ रही 407 ट्रक से सीधी टक्कर हो गई, जिससे दोनों की मौके पर ही जान चली गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया है।
- रामनवमी के अवसर पर देवघर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर ने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक और पूजा–अर्चना कर जिलावासियों सुख, शांति और स्वास्थ्य की कामना की। इसके अलावा मंदिर निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने श्रद्धालुओं को मिलने वाली व्यवस्थाओं व सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

******************

राज्य में मौसम का उतार चढ़ाव जारी है। राज्य के विभिन्न जिलों में तापमान एक बार फिर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। जमशेदपुर, डालटनगंज और बोकारो जैसे जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चक्रवातीय प्रवाह के कारण मौसम में कल से कुछ बदलाव की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल गिरिडीह, देवघर, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में तेज हवा के साथ वज्रपात की आशंका है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। 12 अप्रैल तक कई इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है।

******************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज शाम हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। गुजरात तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि हैदराबाद चार मैच में एक जीत के साथ सबसे नीचे है। कल रात चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को पचास रनों से हरा दिया। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने मेजबान चेन्नई सुपर किंग्स को पच्चीस रनों से हराया। इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में शीर्ष पर आ गया है।

******समाप्त********